**SNBP INTERNATIONAL & Sr. SECONDARY SCHOOL, CHIKHALI, PUNE2024-25**
**Affiliation No. 1130703**
**REVISION WORKSHEET**
**TERM-2/PT3**

**GRADE: 6** | **TOPIC : ( पाठ -८ झाँसी की रानी पाठ-९ जो देखकर भी नहीं देखता पाठ -१० संसार एक पुस्तक ,कारक ,सर्वनाम वचन ,अविकारी शब्द ,संवाद लेखन ,निबंध लेखन)**

**SUBJECT: HINDI**

**PREPARED BY:DEEPIKA MEHRA**

---

**प्रश्न१ दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |**

सच्चा मित्र एक शिक्षक की भाँति होता है। जिस प्रकार शिक्षक अपने छात्र को सन्मार्ग की ही ओर अग्रसर करता है, उसी प्रकार एक सच्चा मित्र अपने मित्र को पाप करने से बचाता है। मानव-जीवन अधिक रहस्यपूर्ण है। कभी-कभी जीवन में ऐसे अवसर उपस्थित हो जाते हैं, जब मनुष्य की धर्म-बुद्धि नष्ट हो जाती है और उसका मन तेज़ गति से पाप की ओर दौड़ता है। ऐसे समय में मित्र का ही उपदेश अधिक कल्याणकारी सिद्ध होता है। मित्र के उपदेश का जितना प्रभाव हृदय पर पड़ता है, उतना और किसी का नहीं।

1. सच्चे मित्र किसकी भाँति होता है ?

   क. जल की   ख. शिक्षक की   ग. वृक्ष की   घ. छात्र की

2. सच्चा मित्र अपने मित्र को क्या करने से बचाता है ?

   क. पाप   ख. पुण्य   ग. कर्म   घ. दोस्ती

3. सच्चे मित्र का उपदेश हमारे लिए कैसा सिध्द होता है ?

   क. कल्याणकारी   ख. जोखिम भरा   ग. दुखभरा   घ. कुछ भी नहीं

3. मित्र के उपदेश का जितना ________________ हृदय पर पड़ता है, उतना और किसी का नहीं।

   क. अप्रभाव   ख. प्रभाव   ग. बहाव   घ. भाव

5. उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक क्या होगा ?

   क. सच्चा मित्र   ख. जीवन   ग. जंगल   घ. पानी

**प्रश्न२ दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए**

1. वह <u>स्वयं</u> रूठ कर चली गई | रेखांकित शब्द में सर्वनामक का कौन – सा भेद है |

क. निश्चयवाचक सर्वनाम ख. अनिश्चयवाचक सर्वनाम ग. निजवाचक सर्वनाम घ. पुरुषवाचक सर्वनाम

2. राम और__________ भाई आया है l| खाली –जगह में उचित सर्वनाम शब्द क्या होगा ?

क. उसके ख, उसका ग. क्योंकि घ. बाहर

3. 'किसी का पेन नीचे पड़ा है l वाक्य में उचित सर्वनाम का भेद कौन सा होगा?

क. निजवाचक ख. निश्चयवाचक ग. अनिश्चयवाचक घ. प्रश्नवाचक

4. ४. 'वस्तु ' शब्द का बहुवचन रूप क्या होगा ?

क. वस्तुएँ ख.वस्तु ग.वस्ती घ.वस्व

5. माता जी _________ चाय बनाई | (सही कारक चिह्न से खाली जगह भरिए |

क. को ख. से ग. ने घ. में

6. का , के, की चिन्ह से संबंधित कारक कौन सा है?

क. कर्ता ख. करण ग संबंध घ. संबोधन

7. सलीम मोहन_____________वीडियो– गेम लायाl (सही कारक चिह्न से खाली जगह भरिए |

8. 'सड़क में <u>कई</u> गाड़ियाँ चल रही हैं |' ( रेखांकित शब्द में विशेषण का कौन –सा भेद होगा ?

क. सार्वनामिक ख. निश्चित संख्यावाचक ग. अनिश्चित संख्यावाचक घ. निजवाचक

9. 'यह सेब _____________ रंग का है |' उचित विशेषण शब्द से खाली –जगह भरिए | )

क. का ख. के ग.की घ. मैं

10. हे भगवान! मेरी रक्षा करोl इस वाक्य में कौन सा कारक होगा?

क. करण कारक ख. संबोधन कारक ग. अधिकरण कारक घ. संबंध कारक

11. ' मछली शब्द का बहुवचन रूप क्या होगा ?

क. मछलियों ख. मछलियां ग. मछलियाँ घ. मछ्ली

12. ' पुस्तकें ' शब्द का एकवचन क्या होगा ?

क. पैसा ख. पुस्तक ग. पुस्ती घ. किताबें

13. रॉकेट आकाश की ओर बढ़ रहा है l वाक्य में अविकारी शब्द का कौन सा भेद होगा ?

क. क्रिया विशेषण    ख. संबंध बोधक    ग. समुच्चयबोधक    घ. विस्मयादिबोधक

14. अमित भाटिया ऊपर बैठा है। (वाक्य में क्रिया विशेषण का कौन सा भेद होगा?)

क. स्थानवाचक    ख. परिमाणवाचक    ग. कालवाचक    घ. रीतिवाचक

## खंड –ब

**प्रश्न३ दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |**

कभी-कभी मेरा दिल इन चीजों को देखने के लिए मचल उठता है। अगर मुझे इन चीजों को छूने भर में इतनी खुशी मिलती है, तो उनकी सुंदरता देखकर तो मेरा मन मुग्ध ही हो जाएगा। परंतु जिन लोगों की आंखें होती है ,वह सचमुच बहुत कम देखते हैं। इस दुनिया के अलग-अलग रंग उनकी संवेदना को नहीं छूते। मनुष्य अपनी क्षमताओं की कदर कभी नहीं करता। वह हमेशा उसे चीज की आस लगाए रहता है जो उसके पास नहीं है।

1. उपरोक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

क. जो देखकर भी नहीं देखता ख . सांसारिक पुस्तक ग. बुद्धिमानी घ. इनमें से कोई नहीं

2. उपरोक्त गद्यांश की लेखिका कौन है?

क. सुभद्रा कुमारी    ख. हेलेन केलर    ग. महादेवी वर्मा    घ. रसूक

3. मनुष्य किस चीज की कदर नहीं करता है ?

क. अपनी क्षमताओ    ख. अपनी बुद्धि    ग. अपने सामान    घ. अपने शरीर

4 इस दुनिया के अलग-अलग रंग उनकी _______________ को नहीं छूते। |( खाली जगह भरिए )

क. जन्म    ख. मृत्यु    ग. कुछ भी नहीं    ग. संवेदना

5. लेखिका के अनुसार जिन लोगों की आँखें होती है वह कैसे देखते हैं?

क. बहुत ज्यादा    ख. कम    ग. कुछ नहीं    घ. बहुत कुछ

**प्रश्न४ दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |**

सिंहासन हिल उठे, राजवंशों ने भृकुटी तानी थी।।

बूढ़े भारत में भी फिर से आई नहीं जवानी थी।

चमक उठी सन् सनतावनमें वह तलवार पुरानी थी।
बुंदेले हर बोल के मुँह  हमने सुनी कहानी थी।
खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी सी वाली रानी थी।

1. उपरोक्त पंक्तियों किस  कवयित्री द्वारा लिखी गई है ?
   क. महादेवी वर्मा   ख. सुभद्रा कुमारी चौहान   ग. हेलेन केलर   घ. इनमें से कोई नहीं
2. राजवंशों ने क्या तान ली थी ?
   क. भृकुटी   ख. हाथ   ग. नाक   घ. आँखें
3. किसमें नई जवानी आने की बात कही गई है ?
   क. मनुष्य में   ख. बूढ़े भारत में   ग. जानवरों में   घ. पक्षियों में
4. खूब लड़ी मर्दानी वह तो_______________ वाली रानी थी | (खाली जगह भरिए )
5. हमने किसके मुँह कहानी सुनी थी?
   क  बुंदेले के   ख. प्रेमचंद्र   ग. तुलसीदास   घ. सूरदास

**खंड –क**

प्रश्न५ दिए गए किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो -तीन वाक्यों में लिखिए

1. नेहरू जी ने इस बात का हलका-सा संकेत दिया है कि दुनिया कैसे शुरू हुई होगी। उन्होंने क्या बताया है? पाठ के आधार पर लिखो।
2. हेलेन केलर के जीवन से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?
3. किंतु कालगति चुपके-चुपके काली घटा घेर लाई'
   इस पंक्ति में किस घटना की ओर संकेत है?
4. झाँसी की रानी बचपन को बचपन में कौन -से खेल अच्छे लगते थे ?

**प्रश्न६ दिए गए किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए |**

1. जबकि इस नियामत से ज़िंदगी को खुशियों के इन्द्रधनुषी रंगों से हरा-भरा जा सकता है।' – तुम्हारी नज़र में इसका क्या अर्थ हो सकता है?
2. गोल चमकीले रोड़े को यदि दरिया और आगे ले जाता तो क्या होता विस्तार से लिखिए?

3. झाँसी की रानी के जीवन की गाथा अपने शब्दों में लिखिए ?

**प्रश्न७** दिए गए संकेतों के आधार पर कहानी लिखिए तथा कहानी का शीर्षक लिखिए |

एक छोटे-से गाँव में एक लड़की... पढ़ाई में होशियार... इनाम मिलना... माँ बीमार... इनाम की राशि इलाज में... माँ की सेवा... माँ स्वस्थ... कुछ दिन बाद माँ का जन्मदिन... माँ को कुछ न दे पाने पर उदास... माँ द्वारा सेवा ही अमूल्य उपहार... |

**प्रश्न८** पिकनिक को लेकर दो मित्रों के बीच संवाद लेखन लिखिए।